**अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/गोपनीय/2025/266 रीवा, दिनांक 27.01.025

**निविदा सूचना**

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) के लिये कागज सहित लगभव 40,000 (चालीस हजार) उपाधियों को मुद्रण कार्य कराया जाना है। इस कार्य के लिये ऑनलाइन के माध्यम से रूपये 1000/– जो कुलसचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के नाम देय होगा, निविदा फार्म एवं शर्ते दिनांक **07.02.2025** तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदाएँ चपड़ा युक्त सीलबंद लिफाफे पर रजिस्टर्ड डाक से दिनांक **18.02.2025** को कार्यालयीन समय तक प्राप्त हो जानी चाहिये। निर्धारित समयावधि के पश्चात् निविदायें मान्य नहीं की जावेगी। निविदा की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.apsurewa.ac.in पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. सिस्टम इंचार्ज, कृपया संलग्न निविदा सूचना, निविदा की शर्ते एवं प्रपत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट **www.apsurewa.ac.in** में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।
2. सम्पादक, ..................................................

   उपर्युक्त निविदा सूचना को संलग्न साइज (12x9=108 scm) में ही एक बार प्रकाशित कर देयक दो प्रतियों में समाचार पत्र की प्रति के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। इससे अधिक साइज में मुद्रित करने पर अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।
3. वित्त नियंत्रक।
4. सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
5. कुल जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक।
6. सूचना पटल/स्वागत काउण्टर।
7. प्रकाशन दिनांक................................

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा(म0प्र0)

## निविदा शर्तें

विश्वविद्यालय को कागज सहित उपाधियों का मुद्रण कार्य कराया जाना है जिसके लिये शर्तें निम्नानुसार है:–

1. उपाधियों का मुद्रण कार्य लगभग 40000 (चालीस हजार) की संख्या में कराया जावेगा। आवश्यकतानुसार यह संख्या घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
2. उपाधि मुद्रण कार्य हेतु पंजीकृत निविदाकर्ताओं से सीलबन्द निविदायें दिनांक 18.02.2025 को कार्यालयीन समय तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसके लिये स्थापना का पंजीयन प्रमाणपत्र, आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र, पंजीयन जीवित होने का प्रमाणपत्र, सी.एस.टी./स्टेट सेल्स/जी.एस.टी. टैक्स का पंजीयन प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के साथ पैन नम्बर देना अनिवार्य होगा। साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष का आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदाकर्ता ने कम से कम तीन वर्ष उपाधि मुद्रण का कार्य किया हो। यह निविदा की अनिवार्य शर्त होगी।
5. निविदाकर्ता ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कम से कम 10 लाख का टर्न ओव्हर किया हो, जिसकी आडिटेड कापी प्रस्तुत की जाय।
6. निविदाकर्ता द्वारा एक ही आदेश के तहत रूपये 05 लाख का कार्य किया गया हो, का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।
7. निविदाकर्ता को उपाधि मुद्रण सम्बन्धित 27.5 X 37.5 सेमी. 20 से 25 ग्राम के हैण्ड मेड सुपर फाइन कागज की उपाधि बनाकर नमूना सहित प्रस्तुत करना होगा।
8. निविदाकर्ता को आमनत राशि रूपये 50000/–पचास हजार www.mp.Tenders.gov.in के माध्यम से जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. निविदाकर्ता को समस्त करों सहित (GST एवं अन्य कर) दरें प्रस्तुत करनी होगी। अलग से कोई कर देय नहीं होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात रूपये 100/–(एक सौ) के नान जूडीशियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप अनुबंध करना होगा। जिसे सामग्री प्रदायदाता अनिवार्य रूप से मान्य करेगा।
11. निविदाकर्ता को सामग्री स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय को पंहुचाकर प्रदाय करनी होगी। विलम्ब की स्थिति में देयक से 10 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है।
12. उपाधि मुद्रण कार्य गुणवत्तायुक्त किया जाय। मुद्रण कार्य गुणवत्तायुक्त न होनें पर कटौती अथवा जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी तथा विश्वविद्यालय मुद्रण स्थल का निरीक्षण कर सकता है। मुद्रण स्थल सुरक्षित एवं मानक न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय कयादेश निरस्त कर सकता है।
13. निविदा के मुख्य लिफाफे के अन्दर दो लिफाफे 'ए' एवं 'बी' होंगे। 'ए' लिफाफे में अमानत राशि की रसीद, वांछित प्रमाणपत्र एवं नमूने होंगे तथा 'बी' लिफाफे में दर रहेगी। जिस क्वालिटी एवं जिस माप की दरें चाही गयी हैं मात्र उन्हीं की दर दी जाय, अलग से भ्रामक दरें न दी जाय। अन्यथा आपकी दर पर विचार नहीं किया जावेगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ही दर प्रस्तुत की जाय। लिफाफे के उपरी भाग पर 'ए' लिफाफा एम.पी. आनलाइन (रसीद, प्रमाणपत्र एवं नमूना) तथा 'बी' लिफाफा (दर सम्बन्धी) स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय एवं बाह्य लिफाफे पर उपाधि मुद्रण कार्य हेतु निविदा अंकित की जाये।
14. किसी भी स्थिति मे ओवर राइटिंग वाली दरें स्वीकार्य नही होगी।
15. वर्तमान में किसी भी प्रकार के क्रय हेतु रूपये 5.00 लाख की सीमा के ऊपर ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया का प्रावधान है। अतः सामान्य निविदा प्रक्रिय के अन्तर्गत रूपये 5.00 लाख की सीमा के अन्दर क्रय प्रक्रिया मान्य योग्य होगी।
16. (अ) उपाधि मुद्रण के लिये 27.5 X 37.5 सेमी. साइज की 20 से 25 ग्राम की हैण्डमेड सुपरफाइन वनज कागज की उपाधि बनाकर नमूने के रूप मे संलग्न करना होगा। इसी साइज, गुणवत्ता पर उपाधि निर्मित होगी। इसके प्रमाणीकरण उपरान्त ही कयादेश मान्य होगा।

    (ब) कागज का निर्माण वाटरमार्का सहित होगा।

    (स) उपाधि मुद्रण कार्य चार कलर मे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय का मोनो, गोल्डन होलो ग्राफिक्स, बार कोड, हाईक्वाइल स्टैंपिंग तथा विश्वविद्यालय का बैनर हाईक्वाइल स्टैंपिंग से करना होगा।

(द) उपाधि के अन्दर हिन्डेड बेस प्रिन्टिंग करनी होगी तथा बैक साइज में सिंगल कलर प्रिन्टिंग करनी होगी। उपाधि के दोनों तरफ बार कोड/QR कोड भी रहेगा।

(य) प्रत्येक उपाधि में टी/एम पद्धति से नम्बरिंग होगी।

(र) उपाधि मुद्रण में मुद्रक की ओर से क्या-क्या गोपनीयता रखी जायेगी, उसका भी उल्लेख करें।

(ल) प्रत्येक उपाधि में "बार कोड" का मार्को लगाना होगा, साथ ही "बार कोड" के साथ गोपनीय संकेत नम्बर देना होगा।

(व) उपाधि की आपूर्ति क्रयादेश दिनांक से 21 दिवस के अन्दर अनिवार्यतः मुद्रित कर विश्वविद्यालय को प्रदाय करनी होगी। विलम्ब की स्थिति में 10 प्रतिशत की कटौती की जावेगी।

कुलसचिव

क्रमांक..................

मूल्य रूपये 1000/-
निविदा प्रपत्र जमा करने
की अंतिम तिथि

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा(म0प्र0)

## निविदा प्रपत्र

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की निविदा सूचना.................................................................... दिनांक....................में उल्लेखित नीचे दर्शाये गये विवरण अनुसार उपाधि मुद्रण कार्य के लिये निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ:–

विश्वविद्यालय निविदा शर्त अनुसार अमानत राशि रूपये............................ एम.पी. ऑनलाइन रसीद क्रमांक..............दिनांक..............................जो कुलसचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के नाम देय है, संलग्न है।

## उपाधि प्रमाणपत्र मुद्रण

1 उपाधि मुद्रण में प्रयुक्त कागज का वनज एवं गुणवत्ता................................................................................

2. हैण्डमेड सुपरफाइन कागज, वनज 20 से 25 ग्राम चार कलर मुद्रण वाटरमार्का, विश्वविद्यालय का मोनो होलोग्राफिक्स, बैक साइज सिंगल कलर प्रिन्टिंग, हार्डक्वाइल स्टैंपिंग तथा समस्त करों सहित एफ.ओ.आर. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा..........................................प्रति नग की दर

3. आदेश प्राप्ति के...........................................दिनों के अन्दर पूर्ति हेतु समयावधि

4. भुगतान की शर्त...................................................................................................................

5. अन्य विवरण यदि कोई हो तो.........................................................................................

6. निविदाकर्ता का कार्य अनुभव प्रमाण सहित.........................................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर..........................................

निविदाकर्ता फर्म का नाम........................................

फर्म के मालिक का नाम...........................................

फर्म का पता...........................................................

मोबाइल/दुरभाष नं0 ...............................................

**अमानत राशि वापसी हेतु**

**निविदा दाता का विवरण** (सावधानी से भरें)

अकांउट धारी का नाम ...........................................

बैंक का नाम ...........................................

ब्रांच का पता ...........................................

अकांउट नम्बर ...........................................

आई.एफ.सी. कोड ...........................................

पैन नम्बर ...........................................